हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 अंक : 02 : जौनपुर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## खट्टे मन से महिला आरक्षण का समर्थन किया घमंडिया गठबंधन ने, सावधान रहें महिलाएं : मोदी

एजेन्सी

भोपाल। संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित करने के बाद अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विपक्षी दलों के गठबंधन श्इंडियाश को लेकर महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन के दलों ने खट्टे मन से इसका समर्थन किया है और देश भर की महिलाओं को इस बात को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। श्री मोदी आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करने आए थे। इस दौरान अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में उन्होंने कांग्रेस को ताबड़तोड़ तरीके से निशाने पर लिया।उन्होंने विकास और गरीब कल्याण से लेकर महिला आरक्षण तक के मुद्दे के बहाने कांग्रेस को



घेरा। प्रदेश में पिछले दो विधानसभा चुनावों के पूर्व पार्टी इस प्रकार के कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन करती है। आज के इस विशाल आयोजन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश सरकार के कई मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का दशकों तक इंतजार करना पड़ा, पर अब इसके पारित होने के बाद भी देश भर की महिलाओं को सावधान रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के दलों ने मजबूरी में खट्टे मन से इसका समर्थन किया है। ये खट्टापन उनके बहानों में भी दिखता है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में वही दल शामिल हैं, जिन्होंने 30 साल तक इसे पारित नहीं होने दिया। उन दलों ने मजबूरी में इसका समर्थन किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर की महिलाएं जब विपक्षी दलों के चरित्र पर अंगुली उठाने लगीं तो विपक्षी दलों ने ये कहना शुरु कर दिया कि अधिनियम में ये क्यों नहीं है और वो क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पिछले नौ साल के कार्यकाल में महिलाएं सशक्त हुईं हैं और इसीलिए विपक्षी दलों की इस अधिनियम का विरोध करने की हिम्मत नहीं हुई। वरना क्या कारण था कि दशकों तक सरकार चलाने वालों ने इसे कानून नहीं बनाया। देश भर की महिलाओं का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष की नीयत में खोट है। मौका मिलते ही ये धोखा देने के लिए तैयार हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि बौखलाया हुआ विपक्ष अब नारी शक्ति को बांटने की कोशिश करेगा, ऐसे में हर महिला को सावधान रहने की अवश्यकता है। श्री मोदी ने गठबंधन के संदर्भ में कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने का प्रयास किया। सेना के अग्रिम मोर्चे पर बेटियों को जाने से रोक कर रखा। महिलाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने सवालिया अंदाज में कहा कि अगर विपक्ष की नीयत ठीक होती तो क्या मौजूदा सरकार को महिलाओं के लिए शौचालय समेत इतनी सारी योजनाएं बनानी पड़तीं।

## चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा–कल आएं

एजेन्सी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। नायडू ने याचिका में उनके खिलाफ कथित कौशल विकास निगम घोटाले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा, ”कल उल्लेख सूची में आइये। हम देखेंगे कि क्या करना है।“ अधिवक्ध्ता ने याचिका उल्लेख सूची में नहीं होने के बावजूद मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लूथरा ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि नायडू 8 सितंबर से हिरासत में हैं और आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर अंकुश लगाया जा रहा है।

शीर्ष अदालत ने आउट–ऑफ–टर्न उल्लेख को स्वीकार नहीं किया और लूथरा को तत्काल सूचीबद्ध करने के निर्देश के लिए 26 सितंबर को मामले का फिर से उल्लेख करने को कहा। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्रीनिवास रेड्डी की एकल पीठ द्वारा 22 सितंबर को उनकी याचिका खारिज किये जाने के बाद नायडू ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में कहा गया है, ष्याचिकाकर्ता को 21 महीने पहले दर्ज की गई प्राथमिकी में अचानक नामित कर गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार किया गया और केवल राजनीतिक कारणों से प्रेरित होकर उसकी स्वतंत्रता से वंचित कर दिया गया, जबकि उनके खिलाफ कोई तथ्य्य नहीं है। इसमें कहा गया है कि नायडू के खिलाफ जांच शुरू करना और प्राथमिकी दर्ज करना दोनों गैर–स्थायी (कानून में अस्तित्वहीन) हैं क्योंकि दोनों ही भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम, 1988 की धारा 17–ए के तहत अनिवार्य अनुमोदन के बिना शुरू किये गये हैं और जांच आज तक जारी है। नायडू को इस मामले में सीआईडी ने 9 सितंबर को नंद्याल में गिरफ्तार किया था। अगले दिन, विजयवाड़ा में एसीबी कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीआईडी को 22 सितंबर को राजमुंदरी सेंट्रल जेल में पूछताछ करने के लिए नायडू की दो दिनों की हिरासत दी गई थी, जहां वह वर्तमान में बंद हैं। रविवार को टीडीपी सुप्रीमो की दो दिन की पुलिस हिरासत खत्म होने के तुरंत बाद, एसीबी अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 5 अक्टूबर तक बढ़ा दी। कथित मामला नायडू सरकार के समय आंध्र प्रदेश राज्य में उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) के समूहों की स्थापना से संबंधित है, जिसकी कुल अनुमानित परियोजना लागत 3,300 करोड़ रुपये थी। सीआईडी ने दावा किया कि कथित धोखाधड़ी से राज्य सरकार को 371 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। एजेंसी ने दावा किया कि 371 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि, जो परियोजना के लिए सरकार की पूरी 10 प्रतिशत प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है, निजी संस्थाओं द्वारा किसी भी खर्च से पहले जारी की गई थी।

## सीएम योगी ने पंडित दीनदयाल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

लखनऊ (एजेन्सी)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर देश उनको नमन कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लखनऊ केकेसी विद्यालय पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही उनको नमन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंडित दीनदयाल के सपने को पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार पूरा कर रही है। उनके दर्शन पर ही ही स्वास्थ्य बीमा का कवर देने का काम किया जा रहा है। उनका दर्शन सरकारों के लिए मार्गदर्शिका है। इस मौके पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी श्रद्धेय दीन दयाल उपाध्याय के मानववाद के सिद्धांत पर आगे बढ़कर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही जिस तरीके से उनके सपनों को जन–जन तक पहुंचाने का काम उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है। उसमें आप सभी का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। चाहे हर गरीब को पक्का मकान दिलाना हो। हर गरीब को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज



हो या उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन जैसी कई योजनाओं को हमने देने का काम किया है।

## छात्र थप्पड़ मामला: सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अंतरात्मा झकझोर देने वाली घटना

एजेन्सी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक स्कूल शिक्षक द्वारा छात्रों को एक विशेष समुदाय के साथी सहपाठी को थप्पड़ मारने का निर्देश देने का वायरल वीडियो राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अपराध होने के बावजूद पीड़ित के पिता की शिकायत पर शुरू में एनसीआर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की खिंचाई की। घटना को गंभीर बताते हुए पीठ ने आदेश दिया कि दो सप्ताह की देरी के बाद दर्ज की गई एफआईआर की जांच एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी करेंगे।

## 8 दिन की देरी से मॉनसून की विदाई शुरू, अभी इन हिस्सों में हो सकती है बारिश

एजेन्सी

नयी दिल्ली। भारत में 17 सितंबर की सामान्य तिथि से आठ दिन बाद सोमवार से मॉनसून की वापसी शुरू हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने एक बयान में कहा, ‘‘दक्षिण पश्चिम मॉनसून आज दक्षिण पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों से लौटना शुरू हो गया। दक्षिण पश्चिम राजस्थान से इसके लौटने की सामान्य तिथि 17 सितंबर थी। इस साल मॉनसून की वापसी में देरी के साथ यह लगातार 13वीं बार है जब मॉनसून देरी से लौट रहा है।उत्तर पश्चिम भारत से मॉनसून की वापसी भारतीय उपमहाद्वीप से इसकी वापसी की शुरुआत का प्रतीक है। मॉनसून की वापसी में किसी भी प्रकार की देरी का मतलब लंबे समय तक बारिश का मौसम बना रहना है जिसका कृषि उत्पादन पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ सकता है, विशेषकर उत्तर पश्चिम भारत में, जहां रबी फसल की पैदावार में वर्षा की अहम भूमिका होती है। आम तौर पर दक्षिण पश्चिम मॉनसून केरल में एक जून को आता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में पहुंच जाता है। यह 17 सितंबर के आस पास उत्तर पश्चिम भारत से लौटने लगता है और 15 अक्टूबर तक पूरे देश से चला जाता है। आईएमडी ने बताया कि देश के उत्तर–पश्चिमी भागों से मॉनसून की वापसी की घोषणा एक



सितंबर के बाद तीन प्रमुख बातों के आधार पर की जाती है। क्षेत्र में लगातार पांच दिन तक वर्षा की कोई गतिविधि नहीं होना, निचले क्षोभमंडल (850 एचपीए और नीचे) में प्रतिचक्रवात बनना और नमी की मात्रा में काफी कमी आना। भारत में मॉनसून के इस मौसम में अब तक 796.4 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि मॉनसून के मौसम में सामान्यतरू 843.2 मिलीमीटर बारिश होती है। यानी इस बार बारिश छह प्रतिशत कम हुई है। दीर्घावधि औसत (एलपीए) के 94 प्रतिशत से 106 प्रतिशत के बीच वर्षा को सामान्य माना जाता है। आम तौर पर, मॉनसून के दौरान चार महीने में (जून से सितंबर) देश में औसतन 870 मिलीमीटर वर्षा होती है। मॉनसून से पहले, आईएमडी ने भारत के लिए लिए सामान्य मॉनसून का पूर्वानुमान जताया था, लेकिन उसने आगाह किया था कि ‘अलनीनो दक्षिण पश्चिम मॉनसून के उत्तरार्ध को प्रभावित कर सकता है। ‘अलनीनो का अर्थ दक्षिण अमेरिका के पास प्रशांत महासागर में पानी का गर्म होना होता है। ‘अल नीनो की स्थिति भारत में मॉनसून के दौरान कमजोर हवाओं और शुष्क परिस्थितियों से जुड़ी है। भारत में जून में कम वर्षा हुई, लेकिन उत्तर पश्चिम भारत में लगातार पश्चिमी विक्षोभ और मैडेन–जूलियन ऑसिलेशन (एमजेओ) के अनुकूल चरण के कारण जुलाई में अत्यधिक वर्षा हुई। एमजेओ एक व्यापक वायुमंडलीय विक्षोभ होता है जो उष्णकटिबंधीय अफ्रीका में उत्पन्न होता है और पूर्व की ओर बढ़ता है, जिसकी अवधि आमतौर पर 30 से 60 दिन तक होती है। अगस्त 2023 को 1901 के बाद से सबसे शुष्क अगस्त महीना और भारत में अब तक का सबसे गर्म अगस्त महीना दर्ज किया गया, लेकिन कई निम्न दबाव प्रणालियों और एमजेओ के सकारात्मक चरण के कारण सितंबर में अधिक बारिश हुई।

## असम: छह साल की लड़की की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

एजेन्सी

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में एक व्यक्ति को अपनी छह वर्षीय बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यह भयावह घटना लाठीग्राम गांव में हुई। आरोपी की पहचान नजीर उद्दीन लस्कर के रूप में हुई है। आरोपी की पत्नी फरीदा बेगम द्वारा दायर की गई शिकायत के अनुसार, लस्कर से शादी के बाद से वह लगातार घरेलू हिंसा का शिकार थी। वह लगातार उसके साथ दुर्व्यवहार करता था। फरीदा ने संवाददाताओं से कहा, ”गुरुवार शाम (21 सितंबर) को, उसने मुझे बेरहमी से पीटा क्योंकि मुझे अपने मायके जाना था। अगले दिन मैंने सुना कि उसने मेरी छह साल की बेटी आयशा को बेच दिया है।

मैं उसके घर गई और अपनी बेटी के बारे में पूछा लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। फरीदा ने इस मामले में अपने पति की भूमिका का आरोप लगाते हुए थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने बाद में 23 सितंबर को लस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच रविवार शाम को स्थानीय लोगों को उधारबोंड इलाके में एक नाले के पास एक बच्चे का शव मिला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और शव की पहचान आयशा के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया।

## विश्व पर्यटन दिवस कल, मुख्यमंत्री गोरखपुर में करेंगे पर्यटन विकास योजनाओं का शिलान्यास

एजेन्सी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व पर्यटन दिवस 27 सितम्बर को गोरखपुर में रामगढ़ ताल स्थित योगी बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में पर्यटन विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में प्रत्येक जिले से युवा टूरिज्म क्लब के 50–50 सदस्यों को उनके नजदीक पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। अगले दिन 28 सितम्बर को पूर्वाहन मुख्यमंत्री गोरखपुर में यूथ टूरिज्म क्लब के सदस्यों के साथ मीडिया ब्लागर्स तथा टूर आपरेटर्स को पर्यटन भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गोरखपुर में रामगढ़ ताल स्थित बाबा गंभीरनाथ



प्रेक्षागृह में पर्यटन विभाग द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। गोरखपुरवाणी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रदेश के पर्यटन स्थलों से जुड़ी ए–टू–जेड पुस्तक का विमोचन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पर्यटन उद्यमियों को सम्मानित भी किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस पर पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर आयोजन किये जायेगे। राज्य सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को पर्यटन स्थलों की विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर युवाओं को पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए जागरूक किया जाए।

## रमेश बिधूड़ी ने जेपी नड्डा से मुलाकात कर रखा अपना पक्ष

एजेन्सी

नयी दिल्ली। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर दानिश अली मामले में अपना पक्ष रखा है।

बिधूड़ी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें उस दिन के सदन की कार्यवाही से अवगत कराते हुए यह भी बताया कि बसपा सांसद दानिश अली ने उन्हें उकसाने के लिए किस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। आपको बता दें कि लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली को लेकर अपशब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में विरोधी दलों की आलोचनाओं के साथ ही बिधूड़ी को अपनी ही पार्टी द्वारा कारण बताओ नोटिस को भी झेलना पड़ रहा है। विरोधी दलों के सांसद जहां लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं। वहीं, भाजपा ने भी जेपी नड्डा के निर्देश पर बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे 15 दिनों में जवाब मांगा हुआ है। हालांकि, भाजपा के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे और रवि किशन भी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर लगातार असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए स्पीकर से पूरे मामले की जांच करवाने के लिए जांच समिति गठन की मांग कर चुके हैं। भाजपा के राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने भी लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर दानिश अली के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

एजेन्सी / मेरठ। दौराला थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ के बाद 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि आज तड़के थाना दौराला की पुलिस और विशेष संचालन समूह (एसओजी) की टीम थाना दौराला क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से गौ–तस्करों द्वारा गोकशी करने की तैयारी की सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम रूहासा से ग्राम चकबन्दी के बीच जंगल में छापेमारी की।

## कर्नाटक: जनवरी से पहले आ सकती है लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट... डीके शिवकुमार का दावा

एजेन्सी

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने सोमवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) (जद–एस) के गठबंधन करने के फैसले के बाद दोनों दलों के कई नेताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे संपर्क किया और कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष ने यह भी संकेत दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची को जनवरी से पहले अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। शिवकुमार ने कहा कि भाजपा–जद (एस) गठबंधन के बाद दोनों दलों के कई नेताओं ने अपनी नाखुशी जाहिर की और मुझसे बात की। मुझे मुख्यमंत्री, कैबिनेट के कुछ सहयोगियों और पार्टी नेताओं से चर्चा करनी होगी। मैंने उन्हें (भाजपा–जद (एस) नेताओं से) कहा कि चर्चा के बाद मैं उनसे बात करूंगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ‘‘भाजपा–जद (एस) के कई नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जताई है। उनका कहना है कि वे गठबंधन से खुश नहीं हैं क्योंकि उनसे इस विषय पर विचार नहीं किया गया। मैं पहले (कांग्रेस पार्टी के भीतर) विचार–विमर्श करूंगा।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के निर्देशन में आधुनिक तकनीक से जुड़ रही 150 राजकीय आईटीआई

एजेन्सी

लखनऊ। कुशल युवा, समृद्ध भारत की परिकल्पना पर योगी सरकार कार्य कर रही है। आईटीआई के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है। युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण इस तरह से दे, जिससे कि वो उस तकनीक के विशेषज्ञ बनकर रोजगार देने वाले बन सके। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र, आईटीआई परिसर में अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों के लिए प्रशिक्षण के शुभारम्भ अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से टाटा टेक्नोलॉजी लि से एमओयू करके प्रदेश की 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इन आईटीआई में पढ़ने वाले युवाओं को आधुनिक तकनीको में हुनरमंद बनाने के लिए अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नही बल्कि रोजगार देने वाला बनाया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए तकनीक क्षेत्र की विभिन्न बड़ी कंपनियों से बातचीत भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने में आईटीआई की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए अनुदेशक एवं कार्यदेशक अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करे। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित मे किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवाओं को आईटीआई में रोजगारपरक ट्रेड में हुनरमंद बनाने के साथ ही साथ रोजगार मेलो का आयोजन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाय।

## सम्पादकीय

# न्याय की भाषा

किसी भी लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिकों को आर्थिक, सामाजिक और कानूनी न्याय सहजता से मिल सके। इसी कड़ी में देश के अंतिम व्यक्ति को न्याय प्रक्रिया से सहजता से न्याय मिलना भी उतना ही जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की उपस्थिति में कहा कि सरकार की कोशिश है कि कानूनों को आसान व भारतीय भाषाओं में बनाने का प्रयास किया जाए। निस्संदेह, यह एक सार्थक पहल कही जाएगी। निश्चित रूप से कानून का मसौदा उस भाषा में सहजता–सरलता से पेश होना चाहिए, जिसे देश का आम आदमी भी समझ सके। यही सोच देश के शीर्ष स्वतंत्रता सेनानियों की भी थी, जो खुद परतंत्र भारत में अच्छे अधिवक्ता थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि फैसलों की अनुवादित प्रति वादी की मातृभाषा में भी उपलब्ध करायी जाए। मगर विडंबना यही है कि आजादी के सात दशक बाद भी अधिकतर सरकारी काम व न्यायिक व्यवस्था के फैसले अंग्रेजी में ही उपलब्ध होते हैं। जाहिर बात है कि व्यक्ति की अपनी मातृभाषा में मिला फैसला उसे समझने में संतुष्टि देता है और उसके विभिन्न पहलुओं से गहनता के साथ रूबरू कराता है। इस बाबत प्रधानमंत्री का कहना था कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि कानून को दो तरह से बनाया जाए। कानून का एक मसौदा उस भाषा में हो, जिसका उपयोग न्यायालय करता है। दूसरा उस भाषा में जिसे आम आदमी सहजता से समझ सके। बहरहाल, आदर्श न्याय प्रणाली का तकाजा तो यही है कि कानून की भाषा निर्विवाद रूप से आम आदमी की समझ में आने वाली हो। कोशिश हो कि व्यक्ति को उसी की भाषा में न्याय मिल सके। आजादी का अमृतकाल मना रहे देश का नागरिक यदि इस सुविधा से वंचित है तो नीति–नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि, इस दिशा में एक सार्थक पहल यह हुई है कि देश की शीर्ष अदालत ने न्यायिक फैसलों का हिंदी समेत कई क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराने का फैसला किया है। इसके बावजूद देश के विभिन्न राज्यों में स्थित उच्च न्यायालयों में राज्य की मुख्य भाषा में न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वैसे दुनिया के तमाम देशों में स्थानीय भाषा में कानून बनाने व न्याय देने की सार्थक पहल सिरे चढ़ी है। जरूरत इस बात की भी है जो अनुवाद अंग्रेजी से हिंदी या अन्य भाषा में हो, वह भी सरल व सहज हो। भाषा की जटिलता कई बार बुरा अनुवाद उपलब्ध कराती है। जो कई बार अनुवाद की गई भाषा से भी अधिक जटिल होता है। राजग सरकार में पिछले दिनों कुछ राज्यों में इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होनी संभव हुई है। इसी तरह की पहल कानून बनाने व न्याय देने में भी हो तो आम आदमी को खासी राहत मिलेगी। खासकर कम पढ़े–लिखे व ग्रामीण परिवेश के अंग्रेजी न जानने वाले लोगों तो इससे राहत जरूर मिलेगी।

## क्वालिटी के साथ डिलीवरी कैसे होती है

वे दो दशकों से बड़े परदे की स्टार हैं। उन्हें उनके मायके और ससुराल पक्ष का समर्थन प्राप्त है और इन दोनों ही परिवारों के सदस्य बड़े परदे के चर्चित चेहरे हैं। इस गुरुवार जब मैंने उन्हें उनके पहले ओटीटी प्रोडक्ट में देखा, तो सोचने लगा उन्हें बड़े परदे के बजाय छोटे परदे पर काम करने के लिए कैसे राजी किया गया होगा? मैंने सुजोय घोष के किसी इंटरव्यू में पढ़ा था कि वे एक बेहतरीन पटकथा के कारण राजी हुई थीं। लेकिन पटकथा चाहे जितनी सशक्त हो, करीना कपूर जैसी स्टार भला क्यों जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ नेटफ्लिक्स की फिल्म जाने जान में स्क्रीन शेयर करेंगी? मैंने इस सवाल का जवाब खोजना चाहा और पाया कि तकरीबन 140 मिनट की यह फिल्म– जो कलिम्पोंगे के शांत पर्वतीय कस्बे में शुरू और खत्म होती है– आपको एक मिनट के लिए भी रुकने का मौका नहीं देती। इसका कारण यह है कि यह एक–दूसरे से भिन्न किंतु अत्यंत शक्तिशाली ऊर्जाओं को एक साथ लेकर आती है। अगर आप करीना को देखें तो सोच सकते हैं कि एक भली मां की भूमिका निभाने में क्या विशेष बात हो सकती है, पर यकीन मानिए मैं उनके इस रोल को भुला नहीं पाऊंगा। बात केवल इतनी भर नहीं है कि उन्होंने बिना किसी मेकअप के अभिनय करके महिलाओं में उनके प्रति ईर्ष्या जगाई है, बल्कि उन्होंने एक निष्ठावान मां का अद्भुत अभिनय किया है, जो अपनी बेटी को बुरे लोगों से बचाने के मिशन में जुटी हैं और इन बुरे लोगों में उसके पिता भी शामिल हैं। कहानी थ्रिलर है और वह जापानी रहस्यकथा लेखक केइगो हिगाशिनो की किताब द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स पर आधारित है। हालांकि जाने जान करीना कपूर की ओटीटी पर पहली फिल्म है, लेकिन उन्होंने फिल्म को अकेले अपने कंधे पर लेकर चलने के बजाय टीम–भावना से काम किया है। तीनों अभिनेताओं ने कदम से कदम मिलाते हुए स्वाभाविक अभिनय किया है। अंतिम दृश्य में जयदीप छा जाते हैं। मुझे घोष की यह बात अच्छी लगी कि उन्होंने बीच में एक किरदार को महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी, जबकि शुरुआत में उन्होंने प्रदर्शित किया था कि यह करीना की फिल्म है। अंत तक आते–आते उन्होंने हर भूमिका के बीच संतुलन स्थापित कर सभी को समान महत्व दिया। विजय वर्मा ने तीखे नाक–नक्श वाले इंस्पेक्टर की भूमिका की है, जयदीप एक मेधावी लेकिन एकाकी गणित शिक्षक के रोल में हैं, वहीं करीना ने माया की भूमिका निभाई है जो अतीत में सोनिया कहलाती थीं। वे अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए कैफे चलाती हैं। तीनों अभिनेताओं ने इन भूमिकाओं को जैसे जीया है। फिल्म बनाना भले आसान लगता हो, पर अभिनेताओं से बेहतरीन काम लेना आसान नहीं है। यही बात स्कैम 2003 के साथ भी है। तुषार हीरानंदानी को यकीन नहीं था कि फिल्म के मुख्य अभिनेता स्टाम्प पेपर घोटाले से कुख्यात अब्दुल करीम तेलगी जैसे दिखाई दे सकते हैं। लेकिन हंसल मेहता ने उनमें तेलगी की झलक देखी। इस भूमिका के लिए नायक ने न केवल 15 किलो वजन बढ़ाया, बल्कि उनकी भाव–भंगिमा भी अपनाई। यही कारण है कि गगन देव रियार ने एक यादगार भूमिका निभाते हुए ओटीटी पर अपनी छाप छोड़ी। बात केवल कहानी यानी वास्तविक प्रोडक्ट की नहीं है, उसे यूजर्स तक कैसे डिलीवर किया जाता है, यह भी बहुत मायने रखता है। एप्पल अपने प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग इतने बेहतरीन तरीके से करती है कि अनेक लोग वर्षों तक उसके बॉक्स सहेजकर रखते हैं, फिर चाहे इस अवधि में खुद प्रोडक्ट ही खराब क्यों न हो गया हो या उसे बेच नहीं दिया गया हो। फंडा यह है कि प्रोडक्ट तो महत्वपूर्ण है ही, उसे कौन और कैसे डिलीवर करता है ताकि कस्टमर को खुशी मिले, यह भी बहुत मायने रखता है। लेकिन पटकथा चाहे जितनी सशक्त हो, करीना कपूर जैसी स्टार भला क्यों जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ नेटफ्लिक्स की फिल्म जाने जान में स्क्रीन शेयर करेंगी? मैंने इस सवाल का जवाब खोजना चाहा और पाया कि तकरीबन 140 मिनट की यह फिल्म– जो कलिम्पोंगे के शांत पर्वतीय कस्बे में शुरू और खत्म होती है– आपको एक मिनट के लिए भी रुकने का मौका नहीं देती। इसका कारण यह है कि यह एक–दूसरे से भिन्न किंतु अत्यंत शक्तिशाली ऊर्जाओं को एक साथ लेकर आती है। अगर आप करीना को देखें तो सोच सकते हैं कि एक भली मां की भूमिका निभाने में क्या विशेष बात हो सकती है, पर यकीन मानिए मैं उनके इस रोल को भुला नहीं पाऊंगा। बात केवल इतनी भर नहीं है कि उन्होंने बिना किसी मेकअप के अभिनय करके महिलाओं में उनके प्रति ईर्ष्या जगाई है।

# नये भवन से बिधूड़ी के भयानक संकेत

सकल घरेलू उत्पाद में कमी दे रही है अर्थव्यवस्था में संकट के संकेत2023–24 के बजट प्रस्तावों का उद्देश्य हो जनता के पक्ष में संसाधनों का वितरण पिछले सप्ताह जब भारतीय लोकतंत्र अपना ठिकाना बदल रहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि श्संसद नये विश्वास, नये संकल्प और नयी ऊर्जा के साथ पुराने भवन से नये भवन की ओर जा रही हैश, तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने यह उत्साह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ध्वस्त कर देने के लिये अर्जित किया है। उसका सम्बन्ध उन सकारात्मक विचारों से बिलकुल नहीं है जो संसद के भीतर प्रदीर्घ तथा बाहर मीडिया के समक्ष संक्षिप्त उद्बोधनों के जरिये मोदी व्यक्त कर रहे थे। 18 से 22 सितम्बर तक आयोजित विशेष सत्र के चौथे दिन (जो सत्र का आखिरी दिन साबित हुआ क्योंकि उसे 21 को ही समेट दिया गया) की देर रात जब लोकसभा में चन्द्रयान की सफलता को लेकर चर्चा हो रही थी, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा के लोकसभा सदस्य (बहुजन समाज पार्टी) दानिश अली को वह सब कुछ कह दिया जो असंसदीय तो था ही, बेहद शर्मनाक, अमानवीय और सीधे–सीधे आपराधिक कृत्य की श्रेणी में भी आता है। सदन के अध्यक्ष द्वारा दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी देने और एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा बयान को अफसोसनाक कहकर बिधूड़ी को तो बचा लिया गया लेकिन उन्होंने जो कहा, वह साफ संकेत है कि भाजपा अपने नफरती एजेंडे के जरिये सामाजिक ध्रुवीकरण करने के नूतन विश्वास एवं नवसंकल्प के साथ नये–नवेले भवन में आई हैय और उसकी (नकारात्मक) ऊर्जा चरम पर है। बिधूड़ी का बयान कोई तैश में आकर या अनायास आया वक्तव्य नहीं है। अपनी कट्टरता के लिये पहचाने जाने वाले दक्षिण दिल्ली के ये सांसद भाजपा के उसी सम्प्रदाय के एक अनुयायी हैं जिनमें अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा, प्रज्ञा ठाकुर, नुपुर शर्मा, हिमंता बिस्व सरमा आदि हैं। इनके दिल में विरोधी राजनैतिक दलों व उनके नेताओं के अलावा सांप्रदायिक कट्टरता इतनी है कि गाहे–बगाहे उनका लावा फूटता रहता है। यह भाजपा का खाद–पानी है जिसके बल पर उसकी वोटों की खेती लहलहाती है इसलिये दिखावे के लिये कभी–कभार चाहे पार्टी नेतृत्व को उनकी निंदा करने वाला कोई बयान आ जाता हो, परन्तु ये पार्टी के लिये बेहद उपयोगी लोग हैं। पूरा नेतृत्व संसद के भीतर हो या बाहर, उन्हें बचाने में देर नहीं लगाता। कड्डवे बोलने वाली नुपूर शर्मा व



प्रवेश वर्मा को पार्टी ने श्फ्रिंज एलीमेंटश कहकर सुरक्षित निकाल लिया, तो प्रज्ञा ठाकुर द्वारा महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहने पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय मोदी ने इतना कहकर मामले पर मिट्टी डाल दी कि श्वे (प्रधानमंत्री) उन्हें (प्रज्ञा को) दिल से कभी माफ नहीं कर पायेंगे। अब भी बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना बतलाता है कि भाजपा का इन पर भरोसा व प्रेम कायम है।

क्या यह गुस्सा परिस्थितिवश अचानक उबाल मार गया या यह सोची–समझी साजिश है? कहा जा सकता है कि दोनों का ही इसमें समावेश है। पिछले कुछ समय से भाजपा की केन्द्र सरकार की नाकामियां एक–एक कर सामने आ रही हैं। मोदी सरकार के तमाम फैसले निष्फल साबित हो चुके हैं, फिर वह चाहे उज्ज्वला योजना हो या मेक इन इंडिया या फिर स्टार्ट अप इंडिया। नोटबन्दी से लेकर जीएसटी के दुष्परिणाम भी लोगों को पता चल गये हैं। गौतम अदानी को लेकर भी मोदी–भाजपा कठघरे में हैं।

हिन्दू–मुस्लिम, भारत–पाकिस्तान, श्मशान–कब्रिस्तान से उब चुके लोगों को भौतिक जरूरतों का महत्व फिर से ज्ञात होने लगा है। भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले कांग्रेस की सरकार वाले प्रदेशों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर की लोगों को जानकारी मिल रही है। इसका परिणाम हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में मिल चुका है। इतना ही नहीं, इसी माह हुए 7 उपचुनावों के नतीजों ने भी भाजपा की कमजोर होती जमीन का अंदाजा दे दिया है। मोदी की छवि सतत गिरावट दर्ज कर रही है तो उनके मुकाबले में राहुल गांधी मजबूत होते दिख रहे हैं। भाजपा के अनुमानों के विरूद्ध 28 दलों का विपक्षी गठबन्धन श्इंडियाश लगातार ताकत बटोर रहा है जिसके कारण उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की बड़ी पराजय हुई। जी–20 से लेकर नये संसद भवन को लेकर जो कार्यक्रम बनाये गये थे, उनके अपेक्षित लाभ मोदी की छवि सुधारने की दिशा में नहीं मिल सके। इतना ही नहीं, महिला विधेयक के नाम पर मोदी ने महिला मोर्चे की ओर से चाहे अपना स्वागत–सत्कार करा लिया हो लेकिन देश जान चुका है कि यह छलावा मात्र है क्योंकि इसका लाभ 2029 के पहले महिलाओं को मिल नहीं सकेगा। यह सरकार खुद ही स्पष्ट कर चुकी है। अपनी पार्टी व नेता की गिरती छवि के साथ मिलती असफलताओं से क्षुब्ध बिधूड़ी द्वारा एक अल्पसंख्यक सांसद को उग्रवादी, मुल्ला, कटुआ, बाहर देख लेने की धमकी देना उसी भड़ास का निकलना है। दूसरी ओर, यह वर्षों से भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था मोदी की मुस्लिम विरोधी मानसिकता का भी परिणाम है। बिधूड़ी जो बोले, इन संस्कारों से पोषित–प्रशिक्षित जमात वर्षों से कहती आई है। फर्क इतना सा है कि अब की यह बात ऐसे मंच से कही गई है जहां मर्यादाओं का पालन अब भी थोड़ा–बहुत होता है, शर्म–ओ–हया फिर भी शेष है, लिहाज होता है। जिस पार्टी का प्रधानमंत्री लोगों को कपड़ों से पहचान लेने की बात करता हो, चुनावी मैदान में 80 बनाम 20, गौमाता या बजरंग बली के फार्मूले लेकर उतरता हो, उसके एक सिपहसालार से यही उम्मीद की जा सकती है। बहुमत के बल पर बिधूड़ी को तो बचाया जा सकता है, पर लोकतंत्र को नहीं! बिधूड़ी ने ये भयावह संकेत दिये हैं।

# पुरातत्व एवं पत्रकारिता को समर्पित, सदैव गतिमान दिनेश चंद्र वर्मा

पवन कुमार वर्मा

इतिहास, पुरातत्व और धार्मिक विषयों पर अपनी अलग और मजबूत पकड़ रखने वाले श्री दिनेश चंद्र वर्मा एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने लेखन और पत्रकारिता के क्षेत्र में देश ही नहीं वरन विदेशों में भी नाम रोशन किया। उनके लेख देश की प्रमुख पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित हुये। इनके लेखों का अनुवाद चीन, जापान, नेपाल तथा श्रीलंका के पत्र और पत्रिकाओं में भी हुआ। उनके अनेक लेखों में कई लेख देश के गौरवशाली इतिहास, पुरातत्व और धार्मिक स्थलों से जुड़े हुए थे। इससे ऐसा प्रतीत होता रहा कि श्री वर्मा देश के वैभवशाली इतिहास और पुरातत्व से देश के जनमानस को परिचित करना चाहते थे। उनके प्रयास सार्थक हुए, उनकी कलम के जरिए 70–80 के दौर की सबसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित पत्रिका धर्मयुग,,कादम्बिनी, नवनीत, में देश के इतिहास, पुरातत्व और धार्मिक स्थलों से जुड़े दर्जनों लेख प्रकाशित हुए।विदिशा जिले के शमशाबाद में 29 जुलाई 1944 को जब श्री दिनेश चंद्र वर्मा ने जन्म लिया था, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आगे चलकर वे देश के प्रख्यात पत्रकारों एवं संपादकों में शुमार होंगे। वे शमशाबाद से निकल कर विदिशा आये और यहीं से उन्होंने अकेले चलना शुरू किया और देखते ही देखते वे एक अजातशत्रु के रूप में उभर गए। विदिशा जिले के ही अरबरिया ग्राम में उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। इसके बाद वे हाई स्कूल की पढ़ाई करने के लिए विदिशा आ गए। यहीं से उनका कारवां ऐसा बना कि समाजसेवी, नेता, अफसरों के साथ ही आम जनता भी उनकी लेखनी की कायल हो गई। चिंगारी से शुरू हुआ सफर देश की जानी–मानी पत्रिका धर्मयुग, सरिता, मुक्ता, नवनीत, कादंबिनी, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, भू–भारती, अवकाश, माया, श्रीवर्षा, दिनमान, रविवार, मनोहर कहानियां,खास खबर, शान–ए–सहारा से लेकर देश के कई समाचार पत्रों में छपने के साथ जारी रहा।श्री वर्मा ने पत्रकारिता जगत में महज 16 साल की उम्र में कदम रख दिया था। पूर्व विधायक हीरालाल पिप्पल विदिशा से चिंगारी अखबार का प्रकाशन करते थे, श्री वर्मा ने इस अखबार में काम कर पत्रकारिता की शुरूआत की। साथ में हाई स्कूल की पढ़ाई भी करते रहे। विदिशा में वर्ष 1965 में बाढ़ आई। इस वक्त श्री वर्मा भोपाल आ चुके थे और नवभारत में कार्यरत थे। तेज बारिश के चलते भोपाल से पानी छोड़ा गया। नतीजे में अगले दिन विदिशा शहर के अधिकांश हिस्से में पानी भर गया, घरों में पानी भर जाने से रहवासियों का खासा नुकसान हो गया। श्री वर्मा ने नवभारत में इस बाढ़ की रिपोर्टिंग की, जिसमें यह सामने आया कि भोपाल से पानी छोड़े जाने की जानकारी विदिशा के जिला प्रशासन को दी गई थी, लेकिन प्रशासन रात में हरकत में नहीं आया और शहर में पानी ने भारी तबाही मचा दी। श्री वर्मा की यह पड़ताल करती हुई खबर नवभारत के प्रथम पृष्ठ पर लीड स्टोरी के रूप में लगी, खबर छपते ही विदिशा जिला प्रशासन के अफसरों में हडकंप मच गया। संभवतरू विदिशा की समस्या पहली बार इतनी बड़ी स्टोरी के रूप में उस दौर के सबसे बड़े अखबार में प्रकाशित हुई थी। भोपाल में रहने के दौरान श्री वर्मा ने दैनिक भास्कर में भी काम किया। इसके बाद श्री वर्मा इंदौर चले गए, जहां पर उन्होंने इंदौर जागरण, इंदौर समाचार आदि समाचार पत्रों में काम किया। यही रहते हुए उन्होंने हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए इतिहास,नागरिक शास्त्र विषय पर पॉकेट बुक भी कई वर्षों तक लिखी। श्री वर्मा जब महज 30 साल के थे,तब उन्होंने इंदौर में रहते हुए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर किताब लिख दी थी। 'एक और अवतार इंदिरा गांधी' शीर्षक से यह किताब प्रकाशित हुई। इस किताब की भूमिका तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद सेठी ने लिखी थी।

देश की अधिकांश प्रसिद्ध पत्रिकाओं धर्मयुग, सरिता, मुक्ता, नवनीत, कादंबिनी, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, भू–भारती, अवकाश, माया, श्रीवर्षा,कंचन प्रभा, रविवार, दिनमान, मनोहर कहानियां, में उनके आलेख प्रकाशित हुए। राजनीतिक और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाशित हुए उनके कई लेख प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे राजनेता भी मुद्दा बनाते रहे। अपनी लेखनी के बल पर उन्होंने कई बार सरकार की नाकामियों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की पोल भी बेबाकी के साथ खोली। दिल्ली प्रेस प्रकाशन की भू–भारती और आज ग्रुप की अवकाश में उनके राजनीतिक आलेखों का इंतजार मध्यप्रदेश के ही नहीं बल्कि देश के भी कई राजनेता और राजनीति में रूचि रखने वाले पाठक करते थे। नवनीत, कादम्बिनी, धर्मयुग,कंचनप्रभा में उनके इतिहास और पुरातत्व पर सैकड़ों आलेख प्रकाशित हुए। विदिशा जिले के रावन दुपारिया गांव में स्थित रावण की प्रतिमा पर श्री वर्मा ने 1976 में धर्मयुग में आलेख लिखा था। 'जहां राम और रावण की पूजा होती है'। उन्होंने विदिशा के विजय मंदिर में स्थित भगवान गणेश की प्रतिमा पर भी नवनीत में आलेख लिखा। बौद्ध तीर्थ सांची में बौद्ध अस्थियों की तस्करी का उनका आलेख उस वक्त देश ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में चर्चित हुआ था। यह आलेख उनका भू–भारती में प्रकाशित हुआ था। श्री वर्मा ने सांची के तोरण द्वारों की महत्ता भी अपने आलेखों के जरिए बताई। महेंद्र और संघमित्रा पर भी उनके कई आलेख प्रकाशित हुए। सतधारा पर भी उनके कई लेख विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। सांची, सतधारा पर लिखे उनके कुछ आलेखों का जिक्र राज्यसभा तक में हुआ। इतिहास, पुरातत्व विषयों पर उनकी आकाशवाणी से भी कई वार्ताएं प्रकाशित हुई।श्री वर्मा की इतिहास और पुरातत्व पर कलम जितनी मजबूत थी, उतनी ही पकड़ उनकी धार्मिक आलेखों पर भी थी। 'कुंभ पर्वो की परम्परा और प्राचीनता', भोजपुर के शिव मंदिर पर उनका लिखा आलेख 'एक और सोमनाथ' आज भी कई लोगों को याद है। नवनीत में प्रकाशित उज्जैन के मंगलनाथ मंदिर पर आधारित 'मंगल नाथ से हुई मंगल गृह की उत्पत्ति ' आलेख भी खासा चर्चित हुआ था। उदयगिरी की गुफाओं, ग्यारसपुर का मालादेवी मंदिर, उदयपुर का नीलकंठेश्वर मंदिर आदि पर भी श्री वर्मा ने खासा लिखा। भारत में नाग पूजा की परम्परा पर भी श्री वर्मा ने लिखा। कई वर्षों तक देश भर की प्रसिद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने के साथ ही अपना अखबार कटिबंध निकाला। फिर श्री वर्मा भोपाल में शिखर वार्ता में काम करने लगे। इसके बाद श्री वर्मा ने भोपाल से वचनबद्ध का प्रकाशन शुरू किया। उन्होंने 1994 में विनायक फीचर्स शुरू की। जिसके माध्यम से उन्होंने कई छोटे–बड़े पत्रकारों और नवोदित लेखकों के आलेख देश के विभिन्न समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करवाए। मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग की पत्रिका मध्यप्रदेश संदेश में श्री वर्मा लगातार प्रकाशित होते रहे।श्री वर्मा ने आम लोगों की आवाज बुलंद करने और उनकी आवाज को सरकार एवं प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वचनबद्ध का प्रकाशन शुरू किया। इस दौरान उन्होंने बेतवा नदी की साफ–सफाई और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नेताओं के साथ ही समाजसेवियों और आम जनता को प्रेरित करने का प्रयास किया। उन्होंने वचनबद्ध में नदियों के प्रति नेताओं सहित अफसरों और समाजसेवियों, आम नागरिकों को जिम्मेदारी का बोध करवाने एक प्रश्नावली तैयार की थी। जिसमें पूछा गया था कि अपनी नदियों के प्रति आपका पहला कर्तव्य क्या है, नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त कैसे बनाया जाए। बेतवा के प्रदूषित होने पर कई बार प्रशासन और अफसरों से भी बैर लिया।पत्रकारिता में श्री वर्मा ने सामाजिक सरोकार और सच्चाई का साथ आखिरी सांस तक नहीं छोड़ा। इसके चलते प्रदेश की राजनीति के कई बड़े चर्चित चेहरे उनसे नाराज भी हुए। उनकी बेबाक लेखनी के चलते कई बार अफसरों से भी उनका विवाद हुआ, लेकिन उनसे नाराज नेता, अफसर भी उनकी लेखनी का सम्मान करते रहे।पत्रकार होने के नाते अनेक राजनेताओं से उनके नजदीकी संबंध थे।कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलापति त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, बलराम जाखड़,विद्या चरण शुक्ल, श्यामाचरण शुक्ल, प्रकाश चंद सेठी और माधवराव सिंधिया ,देश के प्रख्यात शायर एवं फिल्म कहानियों के लेखक जावेद अख्तर, पूर्व सांसद गुफरान ए आजम और पूर्व विधायक हसनात सिद्दीकी से उनके नजदीकी संबंध थे लेकिन बात जब पत्रकारिता की चलती थी तो उनके सबसे ज्यादा नजदीक सत्य ही होता था।उन्होंने कभी भी पत्रकारिता को व्यापार नहीं समझा,सदैव मूल्यों एवं सिद्धांतों की ही पत्रकारिता की ,इस कारण अनेक बार उन्हें आर्थिक परेशानियां भी उठाना पड़ी।राजनीति के साथ पुरातात्विक विषयों पर भी उनकी गहरी दिलचस्पी थी। सांची के स्तूपों और उदयगिरि की गुफाओं पर तो उन्हें इतनी महारथ हासिल थी कि इनके एक एक हिस्से पर उन्होंने कई लेख लिखे। सांची के मात्र तोरण द्वारों पर ही आकाशवाणी ने उनकी धारावाहिक वार्ताओं का प्रसारण किया ।इतिहास से जुड़े सैकड़ो कथानकों का उनके पास भंडार था।लेखन के लिए सदैव सजग एवं सहज रहने वाले वर्मा को वस्तुतः आत्मसंतुष्टि मिली विनायक फीचर्स के संपादन के साथ। जिसमें उन्होंने ऐसे अनेक लोगों को प्रोत्साहित किया जो लेखन के क्षेत्र में कार्य करना चाहते थे।नवोदित लेखकों को श्री वर्मा ने एक सुव्यवस्थित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया।समाचार पत्रों ने भी दिनेश चंद्र वर्मा की फीचर सेवा विनायक फीचर्स को हाथोंहाथ लिया और इस फीचर सेवा के माध्यम से वे अपने अंतिम समय तक लेखन से जुड़े रहे। 26सितंबर 2020की प्रातः बेला में इतिहास, पुरातत्व एवं पत्रकारिता को समर्पित एवं सदैव गतिमान इस विलक्षण व्यक्तित्व ने अपनी जीवनयात्रा पूर्ण की।

# कनाडा, ’फाइव आई’ और भारत

खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हुई हत्या के मामले में अमेरिका ने इस देश के प्रधानमन्त्री जस्टिन ट्रूडो के मत का समर्थन करके भारत को फंसा दिया है। कनाडा के ओटावा स्थित अमेरिकी राजदूत श्री डेविड कोहेन ने यह कह कर श्री ट्रूडो का बयान उसी गुप्तचर सूचना पर आधारित है जो 'फाइव आई' देशों की आपसी साझा सूचना तन्त्र से मिला था। श्री ट्रूडो ने यह कहकर भारत की भूमिका पर गंभीर सवाल लगा दिया था कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों के हाथ होने का सन्देह है। इसके बाद भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध बहुत संजीदा मोड़ पर पहुंच गये हैं क्योंकि भारत ने ऐसे आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और बिना किसी सबूत का कहा है। श्री ट्रूडो ने यह बयान अपने देश की संसद में देने के बाद इसे एक बार फिर दोहराया और यहां तक कहा कि इस बारे में उन्होंने नई दिल्ली में जी–20 देशों के सम्मेलन से पहले ही भारत को बता दिया था। जी–20 सम्मेलन के दौरान भी श्री ट्रूडो का रुख बहुत ठंडा ही देखा गया था। परन्तु अमेरिका के राजदूत द्वारा कनाडा के रुख का समर्थन करने से अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति विशेषकर भारत व अमेरिका के सम्बन्धों में हल्की बेरुखी की छाया पड़ सकती है क्योंकि 'फाइव आई' समूह के देशों में ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा व अमेरिका हैं जिनके बीच गुप्तचर सूचनाएं साझा करने का समझौता है। इनमें से कनाडा, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया व ब्रिटेन के राजप्रमुख इंग्लैंड के सम्राट ही हैं। अमेरिकी राजदूत ने कनाडा के एक टेलीविजन न्यूज चौनल को दिये गये साक्षात्कार में स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'हम पांचों देशों के बीच जो सूचनाएं साझा करने और इनके आधार पर सर्वेक्षण करने का समझौता है उसी में से यह खबर निकल कर आयी थी जिसे आधार बना कर श्री ट्रूडो ने अपना वक्तव्य भारत के बारे में दिया'। मगर कोहेन के वक्तव्य से पहले ही विगत शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मन्त्री श्री अंटोनी ब्लिंकन ने कहा था कि उनका देश कनाडा के प्रधानमन्त्री श्री ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाये गये आरोपों को लेकर बहुत ज्यादा चिन्तित है और इस बारे में कनाडा के साथ मिलकर जवाबदेही चाहता है। भारत भी अमेरिकी रुख को लेकर बहुत गंभीर लगता है और इस बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए सन्देह के बादलों को छांटना चाहता है , हालांकि नई दिल्ली से जारी बयानों में कनाडा के आरोपों को पहले ही बेबुनियाद बता दिया गया है। मगर विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर आजकल राष्ट्रसंघ की साधारण सभा के अधिवेशन में भाग लेने न्यूयार्क गये हुए हैं और वहां वह अमेरिकी विदेशमन्त्री सहित दूसरे फाइव आई देशों के विदेश मन्त्रियों से भी भेंट करेंगे। 26 सितम्बर को वह राष्ट्रसंघ में भाषण देने के बाद अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन भी जायेंगे और वहां अमेरिकी प्रशासन के उच्चाधिकारियों व नेताओं से भी मुलाकात करके धुएं को छांटने का प्रयास करेंगे। मगर श्री कोहेन के ताजा तरीन बयान से यह अन्दाजा नई दिल्ली जरूर लगा सकती है कि अमेरिका का क्या खेल है और उसकी मंशा क्या है। भारत की पिछली 75 वर्षों की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के दौरान उसकी विदेश नीति पर कभी भी किसी गैर मुल्क ने (केवल पाकिस्तान को छोड़ कर ) अंगुली उठाने की जुर्रत नहीं की है। यह पहला मौका है कि कनाडा जैसा मित्र देश कहा जाने वाला मुल्क इस प्रकार के बेहूदा और बे–बुनियाद आरोप लगा रहा है और अमेरिका भी परोक्ष रूप से उसी का पक्ष लेता दिख रहा है। श्री कोहेन ने कहा कि निज्जर की हत्या के मामले में गुप्तचर सूचनाओं को लेकर वाशिंगटन और ओटावा के बीच व्यापक आदान–प्रदान हुआ है और अमेरिका इन आरोपों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। अगर ये सच साबित हुए तो यह उस अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं जिसके तहत हम सभी काम करते हैं। दूसरी तरफ श्री ट्रूडो यह भी कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने निज्जर की हत्या से सम्बन्धित सूचनाएं भारत की सरकार से साझा की हैं अतः इस मामले की तह तक सकारात्मक रूप से जाना चाहिए। ट्रूडो इन सूचनाओं को भरोसेमन्द तक कह रहे हैं। इससे लगता है कि कनाडा का रुख अपने ही देश में पनप रहे खालिस्तानी अलगाववादियों के बारे में क्या है क्योंकि पिछले बहुत लम्बे अर्से से ये अलगवावादी तत्व कनाडा में खासे सक्रिय पाये हैं। इसके बावजूद कनाडा की सरकार ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की। इतना सब होने पर भी भारत ने कहा है कि वह सहयोग करने को तैयार है बशर्ते उसे कोई विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराई जाये। लेकिन अमेरिकी विदेशमन्त्री अंटोनी ब्लिंकन का यह कहना कि भारत निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करे, न्यायोचित नहीं लगता क्योंकि भारत कनाडा के आरोपों को आधारहीन, तथ्यहीन व बेबुनियाद मानता है।

# सार्वजनिक संवाद में भाषा के स्तर में आई गिरावट, सोचना जरूरी

अयोध्या। सार्वजनिक संवाद में भाषा के स्तर में गिरावट आई है और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश द्वारा चिंता किया जाना जायज है। अतीत में भाषाध्वाणी की कसौटी कोयल की वाणी थी। देश में कागवाड़ीध्कौवा बोल का प्रादुरभाव आक्रांताओं के जमाने में हुआ था। अफसोस है कि देश से आक्रांता तो चले गए मगर पीछे कड्ुवीध्कर्कश वाणी छोड़ गए। जो कि संविधान द्वारा मिली ष्अभिव्यक्त की स्वतंत्रताष की वोट में व्यक्ति लगायत सार्वजनिक संवाद में जीवित है और उसी का दुष्परिणाम है की नये संसद भवन में ष्नमाज अदाष करने के लिए अलग कमरे की मांग मुखरित हो रही है। देश को जोड़ने वाले नेताओं के द्वारा संज्ञान में लिए जाने योग्य है।

## *जिम्मेदार आला अधिकारियों को लगातार लिखित रूप से भाकियू ने छुट्टा मवेशी जानवरों को पकड़वा कर गौशालाओं में सिफ्ट कराने को लेकर कई बार दिया, ज्ञापन नहीं हो रही सुनवाई।*

रूदौली–अयोध्या। विकासखंड रुदौली के जिम्मेदार आला अधिकारियों को लगातार लिखित रूप से भाकियू द्वारा छुट्टा मवेशी जानवरों को पकड़वा कर गौशालाओं में सिफ्ट कराने को लेकर कई बार दिया जा चुका है ज्ञापन। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा मिला सिर्फ आश्वासन। कई बार तो रुदौली ब्लॉक के कर्मचारियों ने तो टीम गठित कर दी लेकिन वह कहां गई पता न चला। रुदौली व मवई क्षेत्र में छुट्टा मवेशी जानवरों की भरमार से जहां एक ओर किसान परेशान तो दूसरी ओर एनएच 27 पर सैकड़ों मवेशी हाईवे पर टहलते नजर आ रहे है। जिससे आएदिन हादसे हो रहें। आज की मार्मिक घटना एक गोवंश को किसी गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई खुले आसमान में उसे कुत्ता नोच नोच कर खा रहा। शासन प्रशासन बेखबर है शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। कोतवाली रुदौली क्षेत्र के रौजागांव नेशनल हाईवे की घटना।

# शिक्षकों ने किया चाक डाऊन हड़ताल का किया विरोध ।

अयोध्या–मिल्कीपुर। तदर्थ शिक्षकों ने किया चाक डाऊन हड़ताल का किया बिरोध,सुबह से ही पूर्व की तरह कक्षाओं में शुरू किया पठन पाठन। ज्ञात हो कि आज प्रदेश के अधिकांश शिक्षक संघों ने धारा 18 एवं 21 के बिरोध में किया है सांकेतिक चाक डाऊन। तदर्थ शिक्षकों का कहना है कि संघ हमें कार्यक्रमों में भीड़ दिखाने के लिए बुला तो लेते हैं लेकिन हमारी मांगों पर कोई अमल नहीं करा पाते। 2000 के बाद नियुक्त तदर्थ शिक्षकों को बीते 15 माह से बेतन नहीं मिला जबकि बिना बेतन के ही पूर्व की भांति शिक्षण कार्य कर रहे हैं, वहीं उसी तरह नियुक्त 2000 के पहले नियुक्त तदर्थ शिक्षकों को लगातार बेतन भुगतान किया जा रहा है। बीते दिनों तदर्थ शिक्षकों ने शिक्षा निदेशक कार्यालय के सामने याचना कार्यक्रम भी किया था, आश्वासन भी मिला लेकिन अभी तक हुआ कुछ नहीं।बेतन की आस में अभी तक ये शिक्षक शिक्षण कार्य कर रहे हैं।अभी हाल में ही शर्मा गुट का कार्यक्रम था, जिसमें इन शिक्षकों को भी बुलाया गया और कहा गया था कि आपकी मांग हम अपने मुद्दों में शामिल करेंगे, मंत्री तक आये लेकिन बुलाने के बाद मामले में एक शब्द भी नहीं बोले ना ही कोई आश्वासन दिया।

# न्यायिक अधिकारी ने जिले का नाम किया रोशन

अयोध्या। जिले के मसौधा ब्लॉक के मैनुद्दीनपुर निवासी न्यायिक अधिकारी राकेश कुमार यादव ने नाम रोशन किया है। लखनऊ के न्यायिक प्रशिक्षण अनुसंधान केंद्र में आयोजित खेल प्रतियोगिता में इलाहाबाद हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार बजट के पद पर तैनात यादव ने गोला फेंक (ओपन पुरुष) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के न्यायिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता का उदघाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने किया था। प्रतियोगिता इस सफलता पर विधायक रामचंद्र यादव, विधायक अवधेश प्रसाद, विधायक अभय सिंह, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार भीम यादव, उग्रसेन मिश्र, पत्रकार राममूर्ति यादव, डा. जनार्दन यादव, डा. उमेश चौधरी, डा. जयंती चौधरी, अवध विवि कर्मचारी परिषद के पूर्व मंत्री विपिन यादव, महंत कल्याणदास, महंत डा. भरतदास, महंत राजकुमार दास, टीटीई जितेंद्र कुमार व अन्य से बधाई दी है।

# समाजवादी पार्टी की शिक्षक सभा की कमेटी हुई घोषित।

अयोध्या । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 एस पी सिंह पटेल व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की संस्तुति पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने जिला कमेटी घोषित किया ।

सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार जिला अध्यक्ष अयोध्या दान बहादुर सिंह उपाध्यक्षगण संत प्रसाद मिश्र विमल सिंह यादव अमरनाथ सिंह डॉक्टर रामचंद्र वर्मा तहसीलदार सिंह मोहम्मद अजहर अली उस्मानी डॉक्टर विनोद यादव पुनीत स्टीफेन महासचिव डॉक्टर घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह तथा सचिवगण डॉक्टर अवनीश प्रताप सिंह डॉक्टर हनुमान प्रसाद मिश्र आनंद कुमार शुक्ला अनिल कुमार मिश्र प्रभाकर सिंह अंबुज मालवीय दाल सिंह गौड़ डॉक्टर चंद्र प्रकाश वर्मा मृत्युंजय सिंह रणधीर सिंह डॉक्टर रणजीत वर्मा श्री नारायण द्विवेदी लाल चंद्र यादव सत्य प्रकाश डॉक्टर चंद्रवीर सिंह विशाल मसी इनके साथ ही सदस्य जिला कार्य समिति मे डॉक्टर आर के यादव डॉक्टर अमित कुमार मौर्य डॉक्टर संतोष मौर्य डॉक्टर नागेंद्र सिंह दीपेंद्र लॉरेंस इसी के साथ ही विधानसभा अध्यक्षों में विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या जयप्रकाश चौरसिया विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज डॉक्टर राजेश कुमार यादव विधानसभा अध्यक्ष बीकापुर प्रदीप तिवारी विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर रामचेत यादव विधानसभा अध्यक्ष रुदौली राम कैलाश यादव आदि को नामित किया गया ।

# अयोध्या टू रायबरेली हाईवे पर शुरू हुआ रोडवेज बसों का संचालन

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या से अब रायबरेली और अमेठी पहुंचना आसान हो गया है। रायबरेली हाईवे का निर्माण लगभग पूरा होने के बाद परिवहन निगम ने इस मार्ग पर रोडवेज बसों का बेड़ा उतारा है। निगम की इस कवायद से यात्रियों के लिए राह आसान और सस्ती हुई है।

क्षेत्रीय प्रबंधक से हरी झंडी मिलने के बाद अयोध्या डिपो में अयोध्या–रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार और रोडवेज बसों को उतार रहा है। अभी तक परिवहन निगम की ओर से इस मार्ग पर केवल एक अनुबंधित बस का संचालन कर किया जा रहा था और वह भी अयोध्या से रायबरेली के बीच केवल एक फेरा ही लगाती थी। सुबह 6रू00 बजे के बाद यात्रियों को रायबरेली रोड पर आवागमन के लिए कोई सरकारी सुविधा नहीं मिल पाती थी जिसके चलते यात्रियों को प्राइवेट व डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता था और जगह–जगह साधन बदलने को मजबूर थे। इससे किराया भी अधिक खर्च होता था। यात्रा सुविधाओं के विस्तार और राजस्व प्राप्ति के लिए परिवहन निगम की ओर से इस राष्ट्रीयकृत मार्ग पर अनुबंधित के अलावा चार अन्य रोडवेज बसों को उतारा गया है। जो रविवार को अपने निर्धारित समय सारिणी के मुताबिक अयोध्या डिपो से रायबरेली के लिए रवाना हुई और अपने फेरे पूरे किए।

अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने बताया कि रायबरेली हाईवे पर रोडवेज की चार बसों का संचालन शुरू किया गया है। पहले से संचालित अनुबंधित बस समेत कुल पांच बसें अयोध्या और रायबरेली के बीच 10 फेरे लगा रही हैं। परिचालन को सुचारू बनाने के लिए प्रत्येक रोडवेज बस के लिए दो–दो चालक और परिचालक की ड्यूटी लगाई गई है। नई व्यवस्था के शुरू होने के बाद अब अयोध्या डिपो से 6रू00 बजे रोडवेज की अनुबंधित बस तथा सुबह सात बजे, आठ बजे, नौ बजे, दोपहर 12.30 बजे, दोपहर बाद 1.30 बजे और 2.30 बजे रायबरेली के लिए रोडवेज की बस रवाना होगी। रोडवेज की नियमित तीन बसों का हॉल्ट अयोध्या डिपो में होगा जबकि एक का रायबरेली में।

# निशुल्क जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत शिविर का हुआ आयोजन।

अयोध्या। अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में नाका बाईपास स्थित केटी पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए निशुल्क जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया

निशुल्क जांच शिविर का उद्घाटन साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य शिक्षाविद डॉक्टर एच बी सिंह विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सीताराम अग्रवाल पूर्व प्राचार्य जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जावेद अख्तर डॉक्टर रुबाब अख्तर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया

इस अवसर पर अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्र स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम सिंह ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक भज्जा वैश्य ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टंडन कार्यक्रम संयोजक व ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह एडवोकेट ने अतिथियों को बुके भेंट कर व पटका पहना कर स्वागत व अभिनंदन किया स्कूल की छात्राओं ने अतिथियों को तिलक व बैच लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर एच बी सिंह पूर्व प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट सदेव सेवा कार्य को बढ़–चढ़कर कर रहा है जो स्वागत योग है छात्राओं की जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रुबाब अख्तर ने 170 छात्राओं की जांच करके परामर्श दिया तथा 40 छात्राओं को विशेष तौर से परामर्श दिया गया छात्रों की मेडिकल की जांच जांच जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जावेद अख्तर ने किया शिविर के अंत में लगभग ढाई सौ छात्राओं की एक काउंसलिंग की गई जिसमें छात्राओं से संबंधित महत्वपूर्ण बातें ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टंडन कार्यक्रम संयोजक व उपाध्यक्ष भारती सिंह सुचिता भल्ला पूनम शर्मा आरती शुक्ला कंचन राठौर नीलम श्रीवास्तव आकांक्षा सिंह बबीता यादव डॉक्टर सोनी शर्मा गुड़िया मौर्य ने दिया कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा व संचालन मीनाक्षी श्रीवास्तव ने किया आए हुए लोगों तथा स्कूल की टीचर्स तथा स्टाफ का आभार ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने किया।

# संचारी व दस्तक अभियान के तहत ग्राम प्रधान व शिक्षक हुए प्रशिक्षित

## जीरो से पांच वर्ष के बच्चो का होना है टीकाकरण - धीरेन्द्र नाथ पाण्डेय





अयोध्या। स्वास्थ्य विभाग संचारी व दस्तक अभियान को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।इसी के तहत मंगलवार को इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिये ग्राम प्रधानों व शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।प्रशिक्षण में खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार और सहायक विकास अधिकारी पंचायत ब्लॉक मसौधा ने बताया कि 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर संचारी और 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। वही इसके साथ ही साथ 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम पर पर चर्चा किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण में ब्लॉक मोबिलाइजेसन कोआडिनेटर यूनिसेफ धीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि इसमें जीरो से पांच साल के ऐसे बच्चे को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के टीकाकरण होना है।जो टी.बी., खसरा,रुबेला, पोलियो, पीलिया,गला घोंटू,काली खांसी,टेटनस,निमोनिया, दिमागी बुखार,दस्त से पीड़ित हैं।वही जिनका पूर्व मे टीकाकरण होने से छूट गया है उनको भी इस अभियान के तहत टीकाकरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि साथ ही साथ गर्भवती महिलाओ को टेटनस के टीके लगेंगे।आने वाला अक्टूबर माह बहुत सावधानी बरतनी पड़ेगी।मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय करने होंगे।घर व आसपास पास पानी नहीं इकट्ठा होने देना है। सोते समय मच्छर दानी का उपयोग करें।उन्होंने कहा कि शून्य से पांच साल के बच्चों को जापानी इनसेफलाइटिस का टीकाकरण अवश्य करवाएं।

किसी भी तरह के बुखार होने पर नजदीकी अस्पताल मे खून की जाँच करवाएं।खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने सभी अध्यापकों से अनुरोध किया कि कार्यक्रम के अनुसार सभी गतिविधि करने हैं कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए।अध्यापक अमिताभ ने बताया की सभी गतिविधि पूर्व की भांति करने हैं और टीकाकरण से इंकार बच्चों अध्यापकों द्वारा सहयोग किया जाना है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. संग्राम सिंह ने बताया की बच्चों के पोषण पर खास ख्याल रखना है।और गर्भवती महिलाएं पता चलते ही पंजीकरण करवाएं और टेटनस के टीके अवश्य लगवाएं।

# जलालाबाद रोड पर पार्किंग की व्यवस्था शाम तक दुरुस्त करायें सदर एसडीएम और बी डी ओ : जिलाधिकारी

## नगरिया मोड पर अंडरपास तथा कछियानी खेड़ा मंदिर पर फुट ओवर ब्रिज का प्रस्ताव भेजा जा चुका है

उमाकान्त लाला, ब्यूरो चीफ

शाहजहांपुर। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई संपन्न द्य जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली द्य पुलिस विभाग के द्वारा बताया गया की जाति सूचक शब्द लिखी हुई 275 गाड़ियों का चालान अब तक किया जा चुका है द्य इस संबंध में अब तक कुल 2 लाख 36 हजार रुपयों की वसूली भी की जा चुकी है । जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों को लाने ले जाने के लिए प्रयोग मे लायी जाने वाली ई– रिक्शा में जाली का लगा होना अनिवार्य है, ई–रिक्शा के प्रबंधन के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को देश के सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का अध्ययन करके शहर में उसे लागू करने का प्रयास करना चाहिए द्य यह कार्य पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया



जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करके शाहजहांपुर को सुरक्षित सड़कों का शहर बनाना सुनिश्चित करें द्य किसी विद्यालय का गेट, हॉस्पिटल का गेट या अन्य कोई भीड़ भाड़ वाला स्थान जो दुर्घटना संभावित है उसे ब्लैक स्पॉट मानकर उन्हें चिन्हित करें तथा ऐसे स्थान पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें द्य जिलाधिकारी ने कहा कि इस समिति का मुख्य उद्देश्य ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करना, सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाना तथा चालान की स्थिति में सुधार इत्यादि है। समिति की बैठक में गत माह की बैठक के कार्य वृत्त को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड किए जाने की स्थिति तथा गत बैठक में लिए गए समस्त निर्णय के सापेक्ष कृत कार्यवाही की समीक्षा भी की गई द्य बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलने को लेकर कुल 1603 मामले अगस्त माह में सामने आए द्य माह अगस्त में विभिन्न अपराधों के विरुद्ध किए गए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही के क्रम में कुल 5 लाइसेंस रद्द किए गए हैं ।

# बिजली विभाग की टीम ने मारा मीटर से छेड़छाड़ करने वालो पर कसा शिकंजा

## कई मीटर बरामद,दो पर मुकदमा दर्ज

अयोध्या। (डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोतवाली नगर क्षेत्र में गत दिनों विजलेंस टीम की छापें में बिजली मीटरों का जखीरा बरामद होने के बाद अब कार्रवाई शुरू हो गई है।बिजली विभाग की टीम ने 11 लोगों के घर व प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर उनका मीटर सील कर दिया है।वही साथ ही दो प्रतिष्ठानों पर मीटर टेंपरिंग के मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई है। बताते चलें कि विजलेंस छापे के दौरान नाका और साहबगंज में भारी संख्या में मीटर मिलने के बाद बिजली विभाग के कान खड़े हो गए थे।मीटर रीडिंग से छेड़छाड़ की जानकारी मिलने के बाद मीटर की बरामदगी करते हुए तीन लोगों को जेल भेजा था।इसके साथ ही साथ विभाग के चार कर्मियों को सस्पेंड कर एक जेई को सर्किल में अटैच किया था।बिजली विभाग की टीम ने अभी तक को कुल 11 लोगों के मीटर सील किए।वहां नए कैमरे लगाए गए।इस संबंध में फेस टू के एसडीओ इंजीनियर एसपी सिंह ने बताया कि सोमवार को पांच घरों के मीटर सील किए गए हैं,जिनमें कुसुम तिवारी साकेतपुरी, निवेदिता श्रीवास्तव अश्वनीपुरम, सविता शुक्ला दुर्गापुरी, देवकाली इलाके की सरोज सिंह व धनीराम का पुरवा की कविता शुक्ला शामिल हैं।उन्होंने बताया कि इससे पहले रविवार को छविलाल चिर्रा,घनश्याम जायसवाल नाका, नाका स्थित राज रतन रेस्टोरेंट के मालिक विशाल सिंह, नाका मॉडल शॉप के आलोक सिंह, ऊषा ट्रेडिंग कंपनी के घनश्याम जायसवाल और साकेत ट्रेडिंग कंपनी का मीटर सील किया गया है।एसडीओ एसपी सिंह ने बताया कि राज रतन रेस्टोरेंट के मालिक विशाल सिंह, नाका मॉडल शॉप के आलोक सिंह के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

# फिर साथ रहने को हुए राजी

अयोध्या। परिवार परामर्श केन्द्र की ओर से समझाए बुझाए जाने के बाद एक दंपत्ति फिर से साथ रहने को राजी हो गया। पुलिस ने दोनों से लिखित सुलहनामा लेने के बाद घर के लिए विदा किया है।

केंद्र के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि सोनम पुत्री सुन्दरलाल निवासी बेगमगंज गढैया थाना कैण्ट ने पुलिस में अपने पति बृजेश पुत्र राजाराम निवासी मऊ शिवाला टोनिया गांव थाना पूराकलन्दर के खिलाफ मारपीट और प्रताड़ना की शिकायत की थी। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा होने के चलते एसएसपी ने मामला महिला सहायता प्रकोष्ठ (परिवार परामर्श केन्द्र) के हवाले किया था। काउंसलिंग के बाद समझा–बुझाकर आपसी गीले–शिकवे और शिकायत दूर करा दी गई। दोनों ने समझौता कर लिया है कि एक साथ प्रेमपूर्वक जीवन यापन करेंगे।

## सीएम योगी का बड़ा फैसला हर जिले में महिला थाना के अलावा एक और महिला थानाध्यक्ष, लापरवाही पर सेवा समाप्त होगी।

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के बाद और शारदीय नवरात्र से पहले महिला सशक्तिकरण की ओर एक महत्वपूर्ण एलान किया। उन्होंने सोमवार को कानून–व्यवस्था की समीक्षा के दौरान हर जिले में महिला थाना के शवा एक अन्य थाने के प्रभारी का पद महिला के लिए आरक्षित करने की व्यवस्था तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर थाना, सर्किल, जिला, रेंज और जोन सरकार के सीधी निगरानी में है। कहीं पर लापवाही मिली तो संबंधित पुलिस कर्मी का पद भी जाएगा और सेवा भी समाप्त होगी । प्रदेश के कई जिलों में हाल में हुई आपराधिक घटनाओं से नाराज मुख्यमंत्री ने कड़े तेवर दिखाते हुए एक दर्जन से अधिक जिलों के पुलिस के कप्तान, वाराणसी और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर को जमकर फटकार लगाई। उनसे घटनाओं के संबंध में की गई कार्रवाई की धीमी प्रगति पर जवाब भी मांगा। मुख्यमंत्री ने अंबेडकर नगर, हाथरस, चंदौली, ललितपुर, कासगंज, बलरामपुर, महोबा, महराजगंज, अयोध्या, चित्रकूट, झांसी, सुल्तानपुर जिलों के पुलिस कप्तानों की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस कप्तानों और पुलिस कमिश्नरों को दागी छवि वाले पुलिस कर्मियों को थाने व सर्किल का प्रभार न देने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने पहली बार थानेदारों से संवाद किया।

## पंडित समरजीत बने समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव।

अयोध्या। समाजवादी पार्टी में निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने (समाजवादी संस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव) पद पर पंडित समरजीत को मनोनीत किया गया है।

पंडित समरजीत ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी तथा सपा प्रदेश अध्यक्ष जी का आभार जताते हुए कहा– समाजवादी पार्टी ने जिस विश्वास पर एक दिव्यांग व्यक्ति को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है वह पुरी निष्ठा व ईमानदारी से समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे।

लोकसभा 2024 के चुनाव के पहले ही पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जिलों का तूफानी दौड़ा करके भाजपा जैसी अत्याचारी सरकार को देश से बाहर करने का काम करेंगे और इंडिया को पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने का काम करेंगे। मानो नयन पर सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है अनिरुद्ध सिंह, जोखूराम वर्मा, रामअचल कोरी, जगदीश प्रसाद पासवान, संतोष कुमार, भोलानाथ, पवन कुमार, सत्यम राय।

## 27 सितंबर को प्रात: दस बजे सोशल मीडिया का युवाओं के रिश्तों पर प्रभाव नामक विषय पर होगा पैनल डिस्कशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र पी जी कॉलेज (के के सी ) में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 'दिनांक 27 मचजमउइमत 2023 को प्रातः10बजे' ष 'सोशल मीडिया का युवाओं के रिश्तों पर प्रभाव' ष नामक विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाना है।

उपरोक्त कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनोद चंद्रा, उपप्राचार्य प्रो० के.के. शुक्ला, केजीएमयू के मनोचिकित्सक डॉक्टर पवन कुमार, प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉक्टर आशुतोष , राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व संपर्क अधिकारी एवं भू विभाग के प्रोफेसर अन्शुमाली शर्मा तथा हम संस्था तथा चाईल्ड लाईन की डायरेक्टर व समाजसेविका डॉ संगीता शर्मा उपस्थित रहेगी । कार्यक्रम में छात्रों के साथ सोशल मीडिया के द्वारा उनके रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा की जाएगी। संयोजिका 'प्रो रश्मि सोनी' विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज,लखनऊ ने उक्त जानकारी दी।

# धारदार हथियार व डंडे से पीट-पीट कर बुजुर्ग की हत्या

अयोध्या। तारुन थाना क्षेत्र केशरुवा बुजुर्ग गांव निवासी करीब 75 वर्षीय वृद्ध किसान की धारदार हथियार व डंडे से पीट–पीट कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। खेत में किसान लहू लुहान मिलने से गांव में हलचल मच गई।बताया गया कि सोमवार देर शाम मृतक किसान नित्य क्रिया के लिए घर से निकला था। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।गांव के ही एक आरोपी पर स्थानीय पुलिस द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के मुताबिक आरोपी घर से फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।पुरानी रंजिश में हत्या की आशंका जताई जा रही है।बुजुर्ग की हुई हत्या से परिवार में कोहराम मच गया।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।